संपादकीय

निंदनीय कृत्य

कभी प्रतिभाओं के परिमार्जन के लिए और अब लगातार विवादों के लिए सुर्खियों में रहने वाले दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में रविवार की शाम जो कुछ हुआ, वह शर्मनाक व निंदनीय ही कहा जायेगा। विश्वविद्यालय परिसर में दर्जनों नकाबपोश युवकों ने जिस तरह हिंसा का तांडव किया, वह विचलित करने वाला था। हमलावर घंटों विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों तथा शिक्षकों से मारपीट व तोड़फोड़ करते रहे। पुलिस पर देर से कार्रवाई करने के आरोप लगे, वहीं पुलिस की दलील है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति के बाद ही उसने वि.वि. परिसर में प्रवेश किया। मुंह पर कपड़ा बांधे और हाथों में रॉड व डंडे लिये बेरोकटोक घूमते युवक टीवी-चैनलों व सोशल मीडिया पर नजर आते रहे। यह अराजकता नि:संदेह परेशान करने वाली थी और इस बात की गवाह थी कि शिक्षा मंदिरों में पराभव किस हद तक जा पहुंचा है। जैसा कि उम्मीद थी इस मुद्दे पर तुरंत राजनीति भी शुरू हो गई और आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला भी। नि:संदेह गृहमंत्री समेत केंद्र सरकार के तमाम मंत्रियों ने इस घटना की खुले तौर पर निंदा की। मगर सवाल यह है कि हमलावर नकाबपोशधारियों को कब तक कानून की गिरफ्त में लाया जायेगा। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने दंगा फैलाने के आरोपों समेत कई धाराओं में स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। उसने कुछ नकाबपोशों को पहचानने का दावा भी किया है, मगर उनके नामों का खुलासा नहीं किया है। गृहमंत्री ने भी दिल्ली के उपराज्यपाल से छात्र प्रतिनिधियों को बुलाकर बातचीत करने को कहा है। साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस आयुक्त को बुलाकर जांच रिपोर्ट तलब की है। घटना की जांच वेस्टर्न रेंज की ज्वाइंट कमिश्नर शालिनी सिंह को सौंपी गई है। देखना है कि कितनी जल्दी जांच पूरी करके दोषियों को कानून के दायरे में लाकर दंडित किया जाता है।

दरअसल,बकौल विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों का एक वर्ग बढ़ी हुई फीस कम करने की मांग को लेकर आंदोलन चला रहा था। एक जनवरी से शुरू हुए शीतकालीन सत्र से यह विरोध जारी था। तीन जनवरी को रजिस्ट्रेशन का विरोध कर रहा एक गुट कम्युनिकेशन एंड इन्फॉर्मेशन सर्विसेज परिसर में घुस आया और इंटरनेट सर्वर को बेकार कर दिया। छात्रों की पहचान करके पुलिस को शिकायत की गई। चार जनवरी को फिर रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ तो इंटरनेट के साथ बिजली की सप्लाई भी काट दी गई। इसके बाद रजिस्ट्रेशन करने वाले और विरोध करने वालों के बीच हाथापाई हुई, जिसके बाद बाहरी लोगों को मारपीट के लिये लाने का आरोप लगाया गया। वामपंथी रुझान के संगठनों ने दक्षिणपंथी छात्र संगठनों पर हमले में भूमिका का आरोप लगाया तो दक्षिण पंथी छात्र संगठन एबीवीपी ने एस.एफ.आई, ए.आई.एस.ए तथा डी.एस.एफ. का हाथ बताते हुए अपने संगठन के दर्जनों लोगों के घायल होने का आरोप लगाया। नि:संदेह आरोप-प्रत्यारोपों के बीच वि.वि. की छवि को भारी नुकसान हुआ है।

बुमराह को मिलेगा पॉली उमरीगर अवॉर्ड

» पुजारा, मयंक अग्रवाल को भी सम्मानित करेगी बीसीसीआई

नई दिल्ली। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पॉली उमरीगर पुरस्कार (बेस्ट इंटरनैशनल क्रिकेटर ऑफ द इयर 2018-19) से सम्मानित किया जाएगा। बुमराह को यह अवॉर्ड मुंबई में आज होने वाले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक पुरस्कार समारोह में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए इस अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

उनके अलावा इस समारोह में चेतेश्वर पुजारा और मयंक अंग्रवाल को सम्मानित किया जाएगा। वर्ल्ड के नंबर वन वनडे गेंदबाज बुमराह ने पिछले वर्ष जनवरी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज में एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट (5 विकेट हॉल) लेकर इतिहास रचा। वह ऐसा करने वाले पहले एशियाई बोलर बने।

उन्होंने बॉर्डर-गावसकर ट्रोफी, जो ऑस्ट्रेलिया में हुआ, में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। महिलाओं में पूनम को अवॉर्ड जसप्रीत बुमराह को पॉली उमरीगर अवॉर्ड के साथ-साथ 2018-19 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए दिलीप सरदेसाई अवॉर्ड से भी मिलेगा। पुरुष टीम में जहां बुमराह को बेस्ट इंटरनैशनल क्रिकेटर ऑफ द इयर के लिए चुना गया है तो महिला टीम में पूनम यादव को यह अवॉर्ड दिया जाएगा।

इन्में भी मिलेगा सम्मान

पूर्व भारतीय कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत और अंजूम चोपड़ा को क्रमशः कर्नल सीके नायुडू लाइफ टाइम अचीवमेंट और बीसीसीआई लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी के अलावा मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और युवा सलामी बल्लेबाज मयंक अंग्रवाल को भी बीसीसीआइ सम्मानित करेगी।

महिला टी20 विश्व कप के लिए बंगाल की ऋचा घोष नया चेहरा

मुंबई। भारत ने 21 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की और हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम में बंगाल की बल्लेबाज ऋचा घोष एकमात्र नया चेहरा हैं। टीम में और किसी नए चेहरे को शामिल नहीं किया गया है। वहीं हरियाणा की 15 साल की शेफाली वर्मा भी अपने पहले सत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली वैश्विक प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

म्यूचुअल फंडों ने बीते साल रीट, इनविट में किया 12,000 करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली (आरएनएस)। रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) और बुनियादी संरचना निवेश न्यास (इनविट) जैसे नये निवेश साधनों में अब निवेशक दिलचस्पी लेने लगे हैं।

म्यूचुअल फंडों ने पिछले साल इन माध्यमों में 12 हजार करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश किया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में म्यूचुअल फंडों ने रीट में 670 करोड़ रुपये और इनविट में 11,347 करोड़ रुपये का निवेश किया।पिछले एक साल के दौरान रीट और इनविट में म्यूचुअल फंडों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। म्यूचुअल फंडों ने रीट और इनविट में जनवरी, 2019 में क्रमशः मात्र सात करोड़ रुपये और 611 करोड़ रुपये का निवेश किया था। दिसंबर, 2019 में यह निवेश बढ़कर क्रमशः 72.5 करोड़ रुपये और 948 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

तिमाही नतीजों, महँगाई के आँकड़ों पर होगी निवेशकों की नजर

मुंबई (आरएनएस)। वैश्विक कारकों के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह बढ़त रही। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ खुदरा एवं थोक महँगाई तथा आयात-निर्यात के आँकड़ों पर होगी। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 135.11 अंक यानी 0.33 प्रतिशत बढ़कर 41,599.72 अंक पर पहुँच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.18 अंक यानी 0.25 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 12,256.80 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण सोमवार को बाजार में गिरावट देखी गयी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम बयान के बाद विदेशी बाजारों के साथ-साथ घरेलू बाजारों में भी तेजी लौट आयी।

एफपीआई ने जनवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से 2,415 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव को देखते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) सतर्कता बरत रहे हैं। जनवरी में अब तक उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार से 2,415 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के नये आंकड़ों के अनुसार, एक जनवरी से 10 जनवरी के दौरान एफपीआई ने शेयरों में 777 करोड़ रुपये डाले, जबकि ऋणपत्रों या बांड बाजार से 3,192.7 करोड़ रुपये निकाले। इस तरह एफपीआई ने घरेलू पूंजी बाजार से 2,415.7 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।एफपीआई इससे पहले सितंबर, 2019 से लगातार हर महीने शुद्ध निवेशक रहे हैं।

आगामी दौरे से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका

मुंबई। टीम इंडिया के छह हफ्ते के आगामी न्यूजीलैंड दौरे के लिए आज होने वाले चयन में सीमित ओवर की टीम में ज्यादा फेरबदल की उम्मीद नहीं है। भारतीय टीम 24 जनवरी से शुरू होने वाले दौरे में पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। इसी बीच टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की टीम इंडिया में अनुमानित वापसी में देरी हो सकती है। वह अनिवार्य फिटनेस परीक्षण में विफल हो गए हैं।

» हार्दिक पांड्या फिटनेस परीक्षण में हुआ फेल



पीठ की चोट के कारण चार महीने से टीम से बाहर चल रहे पांड्या की वापसी का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाने से संकेत हैं कि हाल ही में हुई सर्जरी के बाद उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। पांड्या फिटनेस टेस्ट के दौरान ज्यादा अंक हासिल नहीं कर सके। उनके स्कोर स्वीकृत स्तर से कम रहे। हालांकि इंडिया ए टीम के फिटनेस परीक्षण में यो-यो टेस्ट नहीं होता है। माना जा रहा था कि वह दो वन-डे अभ्यास मैचों के अलावा लिस्ट ए के मैचों में फिटनेस हासिल करने के बाद टीम इंडिया में शामिल किए जा सकते हैं। उनके 29 जनवरी को होने वाले तीसरे टी-20 में वापसी का अनुमान था। दरअसल चयनकर्ताओं ने पांड्या का चयन बिना रणजी मैचों में आजमाए ही कर लिया। अब पांड्या न्यूजीलैंड ए दौरे से हट गए हैं और उनकी जगह तमिलनाडु के कप्तान विजय शंकर को इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। विजय शंकर न्यूजीलैंड रवाना हो गए हैं।

1 साल के बच्चे को भूल से भी न खिलाएं ये चीजें, हो सकती है गंभीर समस्या

» चीनी, नमक, शहद, गाय का दूध, कच्ची गाजर

1 साल तक के बच्चों को रिफाइन्ड शुगर यानी चीनी की बिल्कुल भी जरूरत नहीं होती। उनके शरीर को शुगर की जितनी आवश्यकता होती है वह उन्हें नैचरल रूप से फल और अन्य चीजों से मिल जाती है। ऐसे में अगर बच्चे को अतिरिक्त चीनी खिलाई जाए तो उसमें मौजूद कुछ केमिकल्स की वजह से उसके दांत खराब हो सकते हैं। इसके अलावा वह मोटापे और डायबीटीज का शिकार हो सकता है। कई स्वास्थ्य संस्थाएं मानती हैं कि बच्चों को 6 महीने तक नमक नहीं खिलाना चाहिए। बच्चे के शरीर में सोडियम की जितनी आवश्यकता होती है वह मां के दूध के जरिए पूरी होती रहती है। 1 साल तक के बच्चे को भी प्रतिदिन 1 ग्राम से अधिक नमक नहीं देना चाहिए, नहीं तो इसकी वजह से आने वाले वक्त में किडनी में पथरी हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर और डिहाइड्रेशन के अलावा हड्डियां भी कमजोर हो सकती हैं। सदियों से ऐसी मान्यता रही है कि छोटे बच्चों को शहद चटाना चाहिए। बल्कि कई जगहों पर तो नवजात बच्चे को भी शहद खिलाना शुरू कर दिया जाता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इससे बच्चे को बोटुलिजम हो सकता है। यह एक गंभीर बीमारी है जो बच्चों की आंतों की नली में मौजूद एक जीवाणु के विकास से फैलती है। इसके अलावा शहद में ऐसे बैक्टीरिया भी हो सकते हैं जो बच्चे के पाचन सिस्टम को प्रभावित कर सकते हैं।

आज का राशिफल

मेषः आज चतुर्थ सुख भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सांय 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और कलात्मक काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं।

कर्कः आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

सिंहः आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

कन्याः आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

वृश्चिकः माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें, परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

मकरः आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

जर्सी की शूटिंग के दौरान शाहिद कपूर के लिप्स पर चोट

पिछले दिनों हमने आपको बताया था कि कबीर सिंह स्टार शाहिद कपूर साउथ की फिल्म जर्सी के हिंदी रीमेक के लिए मोहाली पहुंचे थे, जहां की तस्वीर उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर भी की थी।

अब जो खबर आ रही है, उसे सुनकर शाहिद के फैन्स उदास हो सकते हैं। दरअसल, सेट पर उनके चोटिल होने की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद सेट पर अपने शॉट्स की प्रैक्टिस कर रहे थे कि अचानक बॉल उनके चेहरे पर आकर लग गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि बॉल उनके निचले लिप्स पर आकर लगा और काफी खून निकला। हालांकि, उन्हें फौरन ट्रीटमेंट के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया और उनके लिप्स पर स्टिच लगे हैं। चोट की वजह से उनके होंठ सूझ गए हैं और अब वह तब तक शूटिंग नहीं कर पाएंगे जब तक यह ठीक नहीं हो जाता।

मीडिया की अन्य रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि उनके लिप्स पर 13 स्टिच लगे हैं। कहा जा रहा है कि इस घटना की जानकारी मिलते ही उनकी पत्नी मीरा चंडीगढ़ पहुंच गई।

फिल्म की बात करें तो इसमें शाहिद के पिता के रोल में पंकज त्रिपाठी नजर आएंगे। वहीं, सुपर 30 के बाद फिल्म जर्सी में ऐक्ट्रेस मृणाल ठाकुर दिखेंगी। फिल्म 28 अगस्त 2020 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

टीवी शो को होस्ट करेंगी जरीन खान

बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान टीवी शो को होस्ट करने जा रही है। जरीन खान ने सलमान खान की फिल्म 'वीर' से अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म में उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ भी की गई थी लेकिन वह अपने करियर ग्राफ को ज्यादा आगे नहीं बढ़ा सकीं। जरीन अब फिल्मों में कम ही नजर आती हैं। उन्होंने अब छोटे पर्दे की तरफ रुख किया है। जरीन एक टीवी शो होस्ट करती नजर आएंगी।शो एएक्सएन पर प्रसारित किया जाएगा जिसमें जरीन पूरे भारत की सैर करेंगी। इस दौरान वे उन लोकेशन्स पर जाएंगी जहां बॉलीवुड की बड़ी फिल्मों की शूटिंग की गई है। जरीन, 3 इडियट्स, जब वी मेट, बैंग बैंग और धड़क जैसी फिल्मों के शूटिंग सेट्स पर जाएंगी और उन फिल्मों के निर्देशकों के साथ बात भी करेंगी। पहले एपिसोड में जरीन लद्दाक के पैंगांग स्थित ड्रक स्कूल में रीविजिट करेंगी जहां आमिर खान स्टारर सुपरहिट फिल्म 3 इडियट्स की शूटिंग हुई थी।यहां पर वह फिल्म के निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ फिल्म के बारे में बातचीत करेंगी। जरीन खान ने कहा , जब भी कोई मुझसे पूछता है कि आपका सपना क्या है, मुझे इसका जवाब देते हुए ये सोचने की जरूरत कभी नहीं पड़ती है कि इस खूबसूरत जहां के हर एक कोने को देखना।

सर्दी में जरूर खाए आले पाक

अदरक की बर्फी बनाने के लिए

सामग्रीः-

अदरक- 200 ग्राम
चीनी- 1.5 कप (300 ग्राम)
घी- 2 छोटी चम्मच
इलायची- 10 कुटी और पीसी हुई

1. आले पाक (अदरक की बर्फी) बनाने के सबसे पहले अदरक को मोटे मोटे टुकड़ों में काट लें. इसके बाद मिक्सी में कटा हुआ अदरक और 3 बड़े चम्मच दूध डाल कर एकदम महीन पीस लें.

2. इसके बाद एक पैन में 1 छोटी चम्मच घी गर्म कर लें और फिर इसमें अदरक का पेस्ट डालकर चलाएं और फिर 3 से 4 मिनट तक मद्धम आंच पर पकाएं जब अदरक का पेस्ट हल्का गाढ़ा हो जाए तब इसमें डेढ़ कप चीनी डाल कर इसके पिघलने तक लगातार चलाते हुए मद्धम आंच पर पकाएं इसके बाद इसमें पीसी हुई इलायची का पाउडर डालें और मद्धम आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा ना हो जाए

3. अब ओवन वाली ट्रे में बटर पेपर रख कर बटर पेपर हल्का सा बटर लगा कर इसे चिकना कर लें गाढ़े हो चुके मिश्रण को ट्रे में डाल कर चम्मच से एकसार फैला दीजिए

4 .जब मिश्रण हल्का गर्म हो तभी उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लीजिए लीजिए तैयार है आपका आले पाक सर्दी के मौसम में सर्दी जुकाम को दूर भगाने के लिए आप रोज इसके सेवन आकर सकते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 2

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 01 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
बी	■	प	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	ल	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

सू-दोकू-2

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.01 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1